# 51 वर्ष की हुईं टिवंकल खन्ना



**बॉलीवुड** की जानीमानी अभिनेत्री टिवंकल खन्ना आज 51 वर्ष की हो गयी. 29 दिसंबर 1974 को पुणे में जन्मी टिवंकल खन्ना को अभिनय की कला विरासत में मिली. उनके पिता राजेश खन्ना अभिनेता जबकि मां डिंपल कपाड़िया जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थी. घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण टिंवकल अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी. इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी.


टिंवकल खन्ना ने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म बरसात से की. युवा प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म में उनके नायक की बॉबी देओल ने निभायी थी, जो उनके करियर की भी पहली फिल्म थी.इस फिल्म का निर्माण धर्मेन्द्र ने किया था1फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी साथ ही टिंवकल खन्ना के अभिनय को भी सराहा गया. टिंवकल खन्ना उन गिनी चुनी अभिनेत्रियों में शामिल है, जिन्होंने खान त्रिमूर्ति के साथ काम किया है.टिंवकल खन्ना ने सलमान खान के साथ जब प्यार किसी से होता है.शाहरूख खान के साथ बादशाह और आमिर खान के साथ मेला में काम किया है.इन सबके साथ हीं टिवंकल खन्ना ने अक्षय कुमार,सैफ अली खान,अजय देवगन जैसे बड़े सितारो के साथ भी काम किया है.

वर्ष 2001 में अक्षय कुमार के साथ शादी करने के बाद टिवंकल खन्ना ने फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया. ट्विंकल खन्ना अभिनय छोड़कर फुलटाइम राइटर बन चुकी हैं. उन्होंने 'मिसेज फनीबोन्स', 'द लीजेंड ऑफ लक्ष्मी प्रसाद' और 'पजामाज आर फॉरगिविंग' और 'वेलकम टू पैराडाइज' जैसी किताबें लिखी हैं. हाल ही में 'मिसेज फनीबोन्स' का सीक्वल रिलीज हुआ है. ट्विंकल खन्ना ने वर्ष 2022 में लंदन के गोल्डस्मिथ्स यूनिवर्सिटी में फिक्शन राइटिंग में मास्टर्स करने के लिए एडमिशन लिया था ,जहां से उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की है. अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के दो बच्चे हैं. बेटे का नाम आरव और बेटी का नाम नितारा है.

# कॉमेडी से कंटेंट सिनेमा तक पुलकित

**29 दिसंबर** 1983 को दिल्ली में जन्में पुलकित सम्राट बचपन के दिनों से ही अभिनेता बनने की ख्वाहिश रखा करते थे. अभिनेता बनने की ख्वाहिश लिये पुलकित वर्ष 2005 में मायानगरी मुंबई आ गये.वर्ष 2006 से 2007 तक, पुलकित सम्राट लोकप्रिय टेलीविजन श्रृंखला क्योंकि सास भी कभी बहू थी में दिखाई दिए. बॉलीवुड में पुलकित ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म बिट्टू बॉस से की, हालांकि यह फिल्म असफल रही.

वर्ष 2013 में प्रदर्शित फिल्म फुकरे, पुलकित सम्राट के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी.एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म फुकरे में 'हनी' के रूप में पुलकित सम्राट की परफॉर्मेंस हाल के हिंदी सिनेमा के सबसे यादगार कॉमिक किरदारों में गिनी जाती है. उनकी कॉमेडी सिर्फ हास्य तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसमें किरदार की स्वैग, दोस्ती और भावनात्मक गहराई भी साफ झलकती थी. यह अभिनय निभाया हुआ नहीं, बल्कि जिया हुआ महसूस हुआ और यही वजह है कि फुकरे फ्रैंचाइज़ आज भी दर्शकों के बीच उतनी ही लोकप्रिय है.इस फिल्म के बाद पुलकित को सलमान खान स्टारर फिल्म 'जय हो' में भी काम करने का मौका मिला.



इस फिल्म में पुलकित ने काफी अहम किरदार निभाया. हालांकि यह फिल्म फ्लॉप रही तो उन्हें कोई खास फायदा नहीं मिला.

वर्ष 2016 में प्रदर्शित फिल्म सनम रे पुलकित सम्राट के करियर की एक और हिट फिल्म साबित हुयी.

# कृति ने व्हाट्सऐप धोखाधड़ी को लेकर फैंस को दी चेतावनी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हाल ही में एक गंभीर साइबर धोखाधड़ी मामले को लेकर अपने फैंस और फॉलोअर्स को सतर्क किया है. कृति खरबंदा ने खुलासा किया है कि कोई अज्ञात व्यक्ति व्हाट्सऐप पर उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से संपर्क कर रहा है. इस पहचान की चोरी की जानकारी कृति ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के ज़रिए साझा की.

कृति ने संदिग्ध व्हाट्सऐप चैट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए साफ किया कि वह नंबर उनका नहीं है. इसके साथ उन्होंने लिखा, 'यह ठीक नहीं है. यह बिल्कुल भी सही नहीं है. यह मेरा नंबर नहीं है. किसी और की पहचान बनकर सामने आना साफ तौर पर पहचान की चोरी है. सतर्क रहें.'

कृति खरबंदा की यह चेतावनी ऐसे समय में सामने आई है जब सेलिब्रिटीज़ और सार्वजनिक हस्तियों के नाम पर ऑनलाइन ठगी और झूठी पहचान का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है. अक्सर ऐसे फर्जी अकाउंट्स का मकसद लोगों को गुमराह करना, निजी जानकारी हासिल करना या पैसों की ठगी करना होता है. समय रहते इस मामले को उजागर कर कृति ने अपने फैंस को संभावित धोखाधड़ी से बचाने की कोशिश की है.हालांकि कृति की पोस्ट पर फैंस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उन्हें जानकारी देने के लिए धन्यवाद कहा.



# तमन्ना भाटिया बनीं गूगल सर्च क्वीन

**साल** 2025 के अंत में जारी की गई गूगल इंडिया की सूची के अनुसार, अभिनेत्री तमन्ना भाटिया गूगल पर सबसे ज़्यादा खोजी जाने वाली अभिनेत्री रहीं.

वायरल गानों, हिट फिल्मों और जबरदस्त लोकप्रियता के दम पर अभिनेत्रियों ने न सिर्फ़ सिनेमा में बल्कि गूगल खोज में भी राज किया. देशभर के लोग उनकी हर नई खबर जानने के लिए इंटरनेट पर उन्हें बार-बार खोजते रहे. इससे साफ है कि उनकी लोकप्रियता अब सिर्फ़ फिल्मों तक सीमित नहीं है.

तमन्ना भाटिया इस साल गूगल पर सबसे ज़्यादा खोजी गई अभिनेत्री रहीं. लगभग 25 प्रतिशत लोगों ने उन्हें खोजा. साल 2025 उनके लिए बहुत खास रहा. ग़फ़ूर और नशा जैसे गानों, डिजिटल मंच की श्रृंखला डू यू वाना पार्टनर और फ़िल्म ओडेला 2 की वजह से वह लगातार चर्चा में रहीं. उनकी हर मौजूदगी लोगों की नज़र में रही.

रश्मिका मंदाना को लगभग 18 प्रतिशत लोगों ने गूगल पर खोजा. छावा, थम्मा, कुबेरा और द गर्लफ्रेंड जैसी फिल्मों की वजह से वह साल भर चर्चा में रहीं. उनकी सादगी और अलग-अलग तरह के किरदार लोगों को बहुत पसंद आए.

सामंथा रुथ प्रभु को लगभग 13 प्रतिशत लोगों ने खोजा. इस साल उन्होंने अपने जीवन, सेहत और अच्छी सोच से जुड़ी बातें खुलकर साझा कीं. लोग उन्हें सिर्फ़ एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में भी जानना चाहते थे.



# एक दीवाने की दीवानियत का सजा रंग

**ज़ी 5** पर एक दीवाने की दीवानियत के डिजिटल प्रीमियर के बाद, प्लेटफॉर्म ने मुंबई के दो प्रतिष्ठित स्थानों बांद्रा बैंडस्टैंड और कार्टर रोड पर एक शानदार और दृश्यात्मक रूप से आकर्षक एक्टिवेशन के साथ फिल्म का जश्न मनाया.

इस अनुभव की शुरुआत बांद्रा बैंडस्टैंड से हुई, जहाँ फिल्म के मुख्य कलाकार हर षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की मौजूदगी में फिल्म से प्रेरित एक विशेष रूप से तैयार की गई ऑगमेंटेड रियलिटी वॉल का अनावरण किया गया. कोड स्कैन करके मीडिया और दर्शकों ने नई रिलीज़ हुई फिल्म से जुड़े विशेष कंटेंट और जानकारी को देखा. इंस्टॉलेशन से आगे बढ़त हुए, कलाकार मीडिया के सदस्यों के साथ ज़ी 5 ब्रांडेड बस में सवार हुए, जो बांद्रा बैंडस्टैंड से कार्टर रोड तक गई.

यह बस शहर में चलते हुए एक आकर्षक दृश्य बन गई, जिससे फिल्म की मौजूदगी स्थिर जगहों से बाहर निकलकर पूरे शहर में दिखाई दी और प्रीमियर के बाद के जश्न में एक गतिशील रंग जुड़ गया.



## कंवर ढिल्लों को मिला इंडियन टेलीविजन एकेडमी अवॉर्ड्



अभिनेता कंवर ढ़िल्लो को शो 'उड़ने की आशा' के लिए पहला इंडियन टेलीविजन एकेडमी अवॉर्ड् मिला. स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले इंडियन टेलीविजन एकेडमी अवॉर्ड्स में टैलेंट, परफॉर्मेंस और कहानियों को सम्मान दिया जाता है. सालों से इस मंच को देशभर के दर्शकों का खूब प्यार मिला है, और इस साल यह इसलिए और भी खास है क्योंकि यहअवॉर्ड् अपनी सिल्वर जुबली यानी शानदार 25 साल पूरे कर रहा है. इस समारोह में कई यादगार जीतें देखने को मिलीं, लेकिन इसमें कंवर ढिल्लों की जीत हमारे लिए खास तौर पर बहुत निजी और भावनाओं से भरा पल बन गई .इस ऐतिहासिक रात का अपना अनुभव साझा करते हुए कंवर, जो स्टार प्लस के शो उड़ने की आशा में सचिन का किरदार निभा रहे हैं, कहते हैं, 'इंडियन टेलीविजन एकेडमी अवॉर्ड्सके 25वें साल का हिस्सा बनना सच में बहुत खास था.

## कलाकारों ने साझा की नई सीख



नया साल हमेशा नई शुरुआत, नई उम्मीद और उन सपनों की याद दिलाता है, जो अभी पूरे होने बाकी हैं. यह वो वक्त होता है जब आने वाले कल को लेकर दिल में उत्साह होता है, लेकिन साथ ही बीते साल को अलविदा कहते हुए जज़्बात भी जुड़े रहती हैं. ज़ी टीवी के कलाकारों के लिए 2025 एक ऐसा साल रहा, जो यादों, सीख और कई अनमोल पलों से भरा रहा, ऐसे पल जिन्हें वे हमेशा संजोकर रखेंगे. जहां ये एक्टर्स पॉज़िटिव सोच और खुशी के साथ 2026 का स्वागत कर रहे हैं, वहीं उनके दिलों में आभार है. नए साल के इस मौके पर उन्होंने देशभर के दर्शकों के साथ खुशी बांटते हुए शांति, सुकून और बेहतर कल की कामना साझा की है. 'जागृति – एक नई सुबह' में टाइटल रोल निभा रहीं रचना मिस्त्री कहती हैं, 'नए साल का जश्न मुझे हमेशा खुशी और आभार से भर देता है. 2025 मेरे लिए हमेशा बेहद खास रहेगा, क्योंकि यही वो साल था जब मुझे अपनी जिंदगी का सबसे खास किरदार, जागृति निभाने का मौका मिला.

## 'घरवाली पेड़वाली' में प्रियंवदा कांत का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



एण्डटीवी का शो 'घरवाली पेड़वाली' अपनी अनोखी कहानी, हास्य, अलौकिक तत्वों और भावनात्मक जुड़ाव के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है. शो में खास रंग भर रही हैं प्रियंवदा कांत, जो लतिका का किरदार निभा रही हैं. वह एक पारंपरिक, भावुक और हास्य से भरी दुल्हन की आत्मा है, जो सालों से अपने दूल्हे का इंतज़ार कर रही है. असल जिंदगी में प्रियंवदा अपने मॉडर्न अंदाज़, स्टाइलिश फैशन और बिंदास पर्सनैलिटी के लिए जानी जाती हैं, लेकिन पर्दे पर उनका रूप पूरी तरह अलग है. अपने अनुभव साझा करते हुए प्रियंवदा कांत कहती हैं, 'लतिका का किरदार निभाना मेरे कॅरियर के सबसे चुनौतीपूर्ण लेकिन सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है.






# 26 जनवरी को लॉन्च होगी नई रेनॉल्ट डस्टर

**भारतीय** ऑटोमोबाइल बाजार में एक बार फिर एक पुराने और भरोसेमंद नाम की वापसी होने जा रही है. रेनॉल्ट कंपनी ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि नई रेनॉल्ट डस्टर को भारत में 26 जनवरी 2026, यानी गणतंत्र दिवस के अवसर पर लॉन्च किया जाएगा. डस्टर वही एसयूवी है, जिसने वर्ष 2012 में मिड साइज एसयूवी सेगमेंट की नींव रखी थी और भारतीय ग्राहकों के बीच एसयूवी को लोकप्रिय बनाया था. अब करीब छह साल बाद डस्टर नए अवतार में भारतीय सड़कों पर उतरने को तैयार है.

नई रेनॉल्ट डस्टर का डिजाइन पहले की तुलना में अधिक मजबूत और आधुनिक होगा. इसका एक्सटीरियर इंटरनेशनल मॉडल से प्रेरित होगा, जिसमें चौड़ी ग्रिल, एलईडी हेडलैम्प, भारी क्लैडिंग और दमदार बॉडी लाइन्स देखने को मिलेंगी. साइड प्रोफाइल में मस्क्युलर फेंडर, व्हील आर्च और एलॉय व्हील्स इसे रग्ड लुक देंगे. पीछे की ओर बॉक्सी डिजाइन, सी-शेप एलईडी टेललैम्प और रूफ स्पॉइलर इसे प्रीमियम अपील प्रदान करेंगे. साथ ही इसमें फंक्शनल रूफ रेल्स भी दी जाएंगी. इंटीरियर की बात करें तो नई डस्टर का केबिन पूरी तरह आधुनिक होगा. इसमें ऑल-ब्लैक या ड्यूल-टोन थीम मिलने की उम्मीद है.

डैशबोर्ड का लेआउट शार्प और एंगुलर होगा, जबकि ड्राइवर की ओर झुका सेंटर कंसोल इसे स्पोर्टी फील देगा. फीचर्स के तौर पर इसमें 10 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, वायरलेस चार्जर, थ्री डी साउंड सिस्टम और 360 डिग्री कैमरा शामिल हो सकते हैं. यह भारत में एडीएएस तकनीक पाने वाली रेनॉल्ट की पहली कार भी हो सकती है. इंजन के मामले में शुरुआत में नई डस्टर को पेट्रोल इंजन के साथ लॉन्च किया जाएगा.

# फीचर्स, इंजन और सेफ्टी में मजबूत हुई नई किआ सेल्टोस

**भारतीय** ऑटोमोबाइल बाजार में मिड साइज एसयूवी सेगमेंट लगातार तेजी से बढ़ रहा है. इसी कड़ी में किआ मोटर्स भारत में अपनी लोकप्रिय एसयूवी सेल्टोस की नई जेनरेशन को अगले हफ्ते औपचारिक रूप से लॉन्च करने जा रही है. कंपनी ने इसे दिसंबर 2025 में पेश कर दिया था और अब दो जनवरी 2026 को इसकी कीमतों का खुलासा किया जाएगा. नई किआ सेल्टोस को पहले से अधिक हाईटेक फीचर्स, बेहतर सेफ्टी और दमदार इंजन विकल्पों के साथ उतारा जा रहा है.

नई किआ सेल्टोस के फीचर्स की बात करें तो इसमें तकनीक का खास ध्यान रखा गया है. इस एसयूवी में 30 इंच का ट्विनिटी डिस्प्ले दिया गया है, जिसमें 12.3 इंच का इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 12.3 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम शामिल है. इसके अलावा इसमें वायरलेस चार्जिंग, वेंटिलेटेड सीटें, 10-वे पावर ड्राइवर सीट, 64 रंगों की एम्बिएंट लाइटिंग और बोस कंपनी के आठ स्पीकर वाला ऑडियो सिस्टम दिया गया है. झयात्रियों की सुविधा के लिए नया एसी कंट्रोल पैनल और पैनोरमिक सनरूफ भी मौजूद है.

सेफ्टी के मामले में भी नई सेल्टोस को काफी मजबूत बनाया गया है. इसमें 21 सेफ्टी फीचर्स के साथ लेवल-2 एडीएएस तकनीक दी गई है. इसके अलावा एबीएस, ईबीडी और आइसोफिक्स चाइल्ड एंकरेज जैसे जरूरी सुरक्षा फीचर्स भी शामिल हैं. इंजन विकल्पों की बात करें तो किआ इस एसयूवी में दो पेट्रोल और एक डीजल इंजन दे रही है. पहला 1.5 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन है, जो 115 पीएस की पावर और 144 न्यूटन मीटर का टॉर्क देता है.

दूसरा 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है, जिससे 160 पीएस की पावर और 253 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है.

डीजल विकल्प के तौर पर 1.5 लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो 116 पीएस की पावर और 250 न्यूटन मीटर का टॉर्क पैदा करता है.




## एडवेंचर थीम के साथ पेश हुई सुजुकी की नई फैमिली कार

**जापान** में आयोजित 2026 टोक्यो ऑटो सैलून में सुजुकी ने एक खास और अनोखी कार को पेश किया है, जो खासतौर पर परिवार के साथ घूमने-फिरने और एडवेंचर पसंद करने वालों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है. इस कार का नाम सुजुकी एवरी वानपाकू राइडर कॉन्सेप्ट है. कंपनी ने अपने पवेलियन को 'लाइफ विद एडवेंचर' थीम पर तैयार किया, जिसमें यह कार आकर्षण का केंद्र बनी रही.

सुजुकी एवरी वानपाकू राइडर को वीकेंड ट्रिप और आउटडोर एक्टिविटी पसंद करने वाले परिवारों के लिए डिजाइन किया गया है. यह एक सात पैसेंजर कार है, जिसमें यात्रियों के लिए बेहतरीन स्पेस के साथ-साथ सामान रखने की भी भरपूर सुविधा दी गई है. इसकी बनावट काफी हद तक भारत में बिकने वाली ईको वैन से मिलती-जुलती है, जिसमें दूसरी पंक्ति के लिए स्लाइडिंग दरवाजे दिए गए हैं, जिससे चढ़ना-उतरना आसान हो जाता है. इस कॉन्सेप्ट कार के एक्सटीरियर को खास एडवेंचर लुक दिया गया है. इसके फ्रंट में ब्लैक आउट ग्रिल, स्मोक्ड फिनिश वाले हेडलाइट लेंस और मजबूत बॉडी डिजाइन देखने को मिलता है. कार के ऊपर एक बड़ा रूफ रैक दिया गया है, जिसमें बच्चों की साइकिल, बैग और अन्य जरूरी सामान आसानी से रखा जा सकता है. इस रूफ रैक में एलईडी लाइट्स और एक फोल्डेबल शामियाना भी दिया गया है, जो आउटडोर ट्रिप के दौरान काफी उपयोगी साबित हो सकता है. इसके अलावा, इसमें खास डिजाइन वाले एलॉय व्हील्स भी लगाए गए हैं, जो इसे अलग पहचान देते हैं. कार के इंटीरियर को भी फैमिली फ्रेंडली रखा गया है. सात लोग एक साथ आराम से सफर कर सकते हैं और लंबी यात्रा के दौरान भी जगह की कमी महसूस नहीं होती.




# नई कावासाकी वर्सिस 650 भारत में लॉन्च

**भारतीय** दोपहिया वाहन बाजार में प्रीमियम एडवेंचर टूरर सेगमेंट में कावासाकी ने एक बार फिर अपनी मौजूदगी मजबूत कर ली है. कंपनी ने भारत में अपनी मिड साइज एडवेंचर टूरर बाइक नई कावासाकी वर्सिस 650 (2026 मॉडल) को लॉन्च कर दिया है. हालांकि इस नए मॉडल में डिजाइन या मैकेनिकल बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन इसे नए रंग और ई20 ईंधन के अनुरूप इंजन के साथ पेश किया गया है. साथ ही इसकी कीमत में भी हल्की बढ़ोतरी की गई है.

नई कावासाकी वर्सिस 650 को मेटैलिक ग्रेफाइट ग्रे और मेटैलिक स्पार्क ब्लैक रंग विकल्प में उतारा गया है, जिससे बाइक को पहले के मुकाबले ज्यादा फ्रेश और प्रीमियम लुक मिलता है. इसका डिजाइन पहले की तरह ही रोड-बेस्ड टूरिंग कैरेक्टर को दर्शाता है, जो लंबी दूरी की यात्रा के लिए इसे एक भरोसेमंद विकल्प बनाता है. ऊंचा फ्रंट, लंबी विंडस्क्रीन और मजबूत बॉडी इसे एडवेंचर टूरर की पहचान देते हैं. इंजन की बात करें तो नई वर्सिस 650 में 649 सीसी का ट्विन सिलेंडर, लिक्विड कूल्ड इंजन दिया गया है.

झयह इंजन 67 हार्स पावर की ताकत और 61 न्यूटन मीटर का टॉर्क पैदा करता है. खास बात यह है कि अब इस इंजन को ई20 ईंधन के अनुरूप बना दिया गया है, जो आने वाले समय की सरकारी ईंधन नीति के अनुसार एक जरूरी बदलाव माना जा रहा है. यही इंजन कावासाकी की अन्य बाइकों में भी इस्तेमाल किया जाता है और अपनी स्मूद परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है. फीचर्स के मामले में कावासाकी वर्सिस 650 को टूरिंग के लिहाज से पूरी तरह तैयार किया गया है. इसमें 4.3 इंच का रंगीन टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है, जिससे राइडर को सभी जरूरी जानकारियां आसानी से मिलती हैं. इसके साथ ही चार स्तरों में एडजस्ट होने वाली विंडस्क्रीन दी गई है, जो लंबी यात्राओं में हवा से बेहतर सुरक्षा देती है.

